विधानसभा / महत्वपूर्ण

# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, mail id- dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in/ )

क्रमांक 126 / संचा.–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 01 / 07 / 2025

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या., मुख्यालय,
नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, मुख्यालय,
नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

3. **प्रबंध संचालक,**
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी (अपेक्स) बैंक, मुख्यालय,
नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 29 तारांकित द्वारा श्री अजय चन्द्राकर, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–000–

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक **29 तारांकित** की प्रति संलग्न है।

**उपरोक्त विधानसभा प्रश्न** का उत्तर **'यूनिकोड फॉन्ट'** में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 03 / 07 / 2025 तक** ई–मेल (**dirfood.cg@gov.in**) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें।

**(विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड कर सकते है)।**

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **11/07/2025**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **18/07/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **प्रदेश में धान खरीदी एवं उसका निष्पादन।**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **29** ) **श्रीअजय चंद्राकर**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) खरीफ वर्ष 2024-25 में कितनी मात्रा में धान खरीदी करने का लक्ष्य रखा गया था? उसके विरूद्ध कितनी मात्रा में धान खरीदी की गयी? (ख) खरीफ वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय पूल एवं राज्य पूल में कितनी-कितनी मात्रा में, चावल जमा करने का लक्ष्य रखा गया है? लक्ष्य के विरूद्ध 15 जून, 2025 की स्थिति में कितनी-कितनी मात्रा मे चावल जमा किया जा चुका है ? तथा कितना बकाया है जमा करने हेतु समायावधि क्या तय की गयी है? (ग) क्या राज्य सरकार द्वारा बकाया धान की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है? यदि हां तो कितनी मात्रा धान की नीलामी करने का निर्णय लिया है ? नीलामी की नियम-शर्तें क्या हैं तथा किन-किन प्रकार के धान की, दर, किस आधार पर, कितनी-कितनी तय की गयी है तथा उसका बाजार मूल्य कितना है दिनांक 15 जून, 2025 की स्थिति में कितनी मात्रा धान की नीलामी की जा चुकी है और कितना शेष है? (घ) उक्त खरीफ वर्ष में कितनी मात्रा धान अमानक हुये हैं ? उसका मूल्य कितना होता है तथा किन-किन कारणों से अमानक हुये ?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 01/07/2025 11:26:01 |

**Remark :**

मार्कफेड
नान, अपेक्स बैंक